हंगामा
भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा की मौत का मामला, गहमा-गहमी के बीच तनाव

# जिला अदालत में हंगामा, समर्थ को भोपाल लेकर रवाना हुई पुलिस



**नवभारत,जबलपुर।** भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा की मौत के मामले का मुख्य आरोपी शुक्रवार शाम समर्थ अचानक जबलपुर जिला अदालत परिसर पहुंचा। इससे पूरा परिसर तनाव और हंगामे का केंद्र बन गया। सूत्रों के अनुसार उसके कपड़े बदलवाए गए ताकि उसे आसानी से पहचाना ना जा सके। इस दौरान करीब 3 घंटे कोर्ट परिसर में हंगामा और गहमागहमी का माहौल बना रहा।

सबसे बड़ा सवाल इस बात पर उठा कि एक फरार और इनामी आरोपी को सीधे कोर्ट रूम में ले जाने के बजाय हाईकोर्ट परिसर में बने अधिवक्ताओं के चैंबर में क्यों ले जाया गया। जैसे ही मीडिया को इसकी जानकारी मिली, बड़ी संख्या में पत्रकार और दिशा पक्ष के अधिवक्ता मौके पर पहुंच गए। आरोपी समर्थ को घंटों तक चैंबर के भीतर रखा गया और उसे मीडिया से पूरी तरह बचाने की कोशिश की गई। इस दौरान कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी जैसे हालात बन गए। जानकारी के अनुसार इसके बाद पुलिस ने समर्थ सिंह को हिरासत में ले लिया और भोपाल रवाना हो गई। इस बात की पुष्टि जबलपुर एसपी ने की है। काफी दिनों से फरार चल रहे समर्थ सिंह के अचानक सामने आने के बाद पूरे मामले में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि अब इस केस की जांच और तेजी से आगे बढ़ेगी। समर्थ सिंह के वकील के मुताबिक, उन्होंने पहले अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस ली और उसके बाद अदालत में आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। अदालत परिसर में समर्थ सिंह अपनी पहचान छुपाने की कोशिश करता नजर आया। उन्होंने चश्मा, मास्क और टोपी पहन रखी थी। वहीं कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों ने कहा कि कुछ अधिवक्ता किसी भी कीमत पर आरोपी को मीडिया कैमरों से बचाना चाहते थे। सूत्रों के अनुसार समर्थ सिंह ने पहले निचली अदालत में अग्रिम जमानत की मांग की थी, लेकिन राहत नहीं मिलने पर उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

### दहेज प्रताड़ना से जुड़ा है मामला

आरोपी समर्थ सिंह, रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह का बेटा है। उसकी शादी अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा सिंह से 9 मई 2025 को नई दिल्ली में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ट्विशा सिंह को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया गया। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर ट्विशा ने 12 मई 2026 की रात भोपाल स्थित ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में भोपाल के कटारा हिल्स थाने में समर्थ सिंह और उसकी मां गिरीबाला सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले की सह-आरोपी गिरिबाला सिंह को भोपाल की अदालत से पहले ही अग्रिम जमानत मिल चुकी है। अपराध दर्ज होने के दिन ही उन्हें जमानत का लाभ मिलने पर भी हाईकोर्ट में सवाल उठाये गये हैं। गिरीबाला सिंह पूर्व में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार रह चुकी हैं।

# चाकू से काटी नस, गला घोंटकर की हत्या

धनवंतरी नगर में सनसनीखेज वारदात

संदेही युवक पुलिस हिरासत में



**नवभारत,जबलपुर।** धनवंतरी नगर ए सेक्टर के पास युवक की हत्या कर दी गई जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ए सेक्टर में युवक की लाश पड़ी होने की सूचना स्थानीय पार्षद जीतू कटारे ने तत्काल पुलिस को दी और फिर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का मोबाइल, गमछा जप्त करते हुए प्रकरण की जांच शुरू की और लाश को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। धनवंतरी नगर चौकी प्रभारी दुर्गेश मरावी ने नवभारत को बताया कि एक संदेही आयुश को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ जारी है। श्री मरावी के अनुसार वारदात में दो युवक और भी शामिल हैं जिनके बारे में सुराग जुटाए जा रहे हैं। मृतक की शिनाख्त सुरेंद्र ठाकुर के रूप में हुई है। जिसके परिवार में मातम छाया हुआ है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक संदेही आयुश यादव निवासी सागर कॉलोनी धनवंतरी नगर को हिरासत में लिया है। मौके से मिले कुछ सीसी कैमरे की फुटेज से ये साफ हुआ कि आयुष ने ही सुरेन्द्र ठाकुर उर्फ च्यूइंगम बॉय के हाथ में पहले चाकू मारी और फिर उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आयुष ने घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की।

### दोनों की थी आपस में दोस्ती

बताया जा रहा है कि सागर कॉलोनी निवासी आयुष यादव और सुरेंद्र आपस में गहरे दोस्त थे। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है लेकिन चर्चाएं हैं कि सुरेंद्र, आयुष को बहुत परेशान करता था जिससे तंग होकर आयुष ने उसे मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार बीती रात भी आयुष और सुरेंद्र के बीच विवाद हुआ था।

मुख्य मार्ग और नालों के ऊपर जमे कब्जों को हटाया गया

# अवैध कब्जों के खिलाफ नगर निगम की ताबड़तोड़ कार्रवाई




**नवभारत,जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर को अव्वल लाने और आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया।

अतिक्रमण अधिकारी के के रावत , टिपेंद्र रावत एवं अखिलेश भदौरिया ने बताया कि नगर निगम की टीम ने शुक्रवार सुबह से ही मुस्तैदी दिखाते हुए शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों छोटी लाइन फाटक से अनगढ़ महावीर मंदिर मार्ग पर लगे अस्थाई ठेले-टपरों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह खाली कराया गया। वहीं अनावश्यक रूप से सड़क घेरे हुए सामग्री को जब्त भी किया गया, रामपुर चौक एवं धनी की कुटिया क्षेत्र में भी ठेले-टपरों को हटाकर यातायात को सुचारू बनाया गया, कछपुरा ब्रिज और उसके आस-पास के क्षेत्र से अतिक्रमण साफ कर सामग्री जप्त की गई, जिससे अब यहां दुर्घटनाओं का अंदेशा कम होगा।

**इन इलाकों में भी हटाए गए कब्जे**

जानकारी के अनुसार नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शुक्रवार को सिविक सेंटर चौपाटी शहर के प्रमुख केंद्र के चारों ओर से अवैध कब्जे हटाए, धनवंतरी नगर मुख्य मार्ग एवं संभाग क्रमांक-1 में नालों के ऊपर किए गए अवैध निर्माणों को चिन्हित कर पूरी तरह हटा दिया गया साथ ही कंजर्वेंसी एवं नालियों के ऊपर किए गए कब्जों को साफ किया गया, ताकि बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के बह सके।

### जर्जर स्कूल के कमरे को भी ढहाया

अमले ने गंगानगर क्षेत्र में एक बेहद पुरानी और जर्जर हो चुकी पुलिया को सुरक्षित रूप से तोड़ने की कार्रवाई की । सुहागी जोन कार्यालय के पीछे स्थित एक बेहद जर्जर स्कूल कक्ष को ढहा दिया गया, जिससे भविष्य में होने वाले किसी भी संभावित हादसे को टाल दिया गया है। वहीं कांचघर चौक क्षेत्र में मुनादी कराई गई और स्वच्छता मानकों को ध्यान में रखते हुए चौपाटी को व्यवस्थित रूप से अलग कराया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मी नाप रहा था गर्भवती का ब्लड प्रेशर

युवा कांग्रेस ने किया हंगामा

सीएमएचओ ड्यूटी से गायब

डॉक्टर को जारी किया कारण बताओ नोटिस



**नवभारत,जबलपुर।** मनमोहन नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती देर रात अस्पताल में लापरवाही की सारी हदें उस वक्त पार हो गईं, जब ड्यूटी से डॉक्टर नदारद मिले और एक नर्स ने सफाई कर्मी ने 8 महीने की गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर नापने कह दिया। फिर क्या था वो सफाई कर्मी गर्भवती का ब्लड प्रेशर नापने लगा।

इस बदहाली को देखकर अस्पताल पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जहां एक तरफ आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने परिसर में जमकर हंगामा किया। तो वहीं दूसरी तरफ शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं में मरीजों की जान से खिलवाड़ और अव्यवस्थाओं की बानगी भी स्पष्ट रूप से नजर आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने तत्काल एक्शन लेते हुए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

**गर्भवती महिला को अंदर ले जाने वाला नहीं था कोई**

जानकारी के अनुसार बीती देर रात सड़क हादसे में घायल एक बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सोनू कुकरेले और उनके साथी मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। लेकिन अस्पताल के मुख्य गेट पर पहुंचते ही वहां का नजारा देखकर सब हैरान रह गए। हादसे की शिकार तड़पती बुजुर्ग महिला को अंदर ले जाने के लिए अस्पताल का कोई भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी या वार्ड बॉय मौजूद नहीं था। हालत यह थी कि गेट पर व्हीलचेयर तो रखी थी, लेकिन उसे चलाने वाला कोई नहीं था।

### क्यों ड्यूटी से गायब थे?

इस पूरे मामले में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने घटना को बेहद गंभीर और चिकित्सा प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना है। मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने गुरुवार रात को ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नरेश सोंधिया को 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर दिया है। डॉक्टर सोंधिया से पूछा गया है कि आपातकालीन ड्यूटी के दौरान वे अस्पताल से क्यों नदारद थे और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए?

# तेज गर्म हवा का सामना करने में हिचकिचा रहे लोग

अधिकतम तापमान पहुंचा 44 डिग्री पर

आने वाले दिनों में राहत के कोई आसार नहीं



नवभारत,जबलपुर। संभाग के जिलों में भीषण गर्मी का सितम जारी है। शुक्रवार को भी शहर में सुबह से ही सूरज के तेवर सख्त थे। आलम ये था कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विदों की मानें तो राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके से आ रहे गर्म हवा के थपेड़े शहर को झुलसा रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवा के कारण दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम ही रही। वहीं शहर के कॉलोनी क्षेत्रों में सभी अपने अपने घर में ही दुबके रहे।

मौसम विभाग के अनुसार भीषण गर्मी से राहत के हाल-फिलहाल कोई आसार नहीं हैं। 25 मई से शुरू हो रहे नौतपा में तो हालात और खराब रहने वाले हैं।

**रात में भी गर्मी कर रही हलाकान**

मौसम विभाग के मुताबिक इस समय रेगिस्तानी इलाके से उत्तर-पश्चिमी गर्म हवा लगातार मध्य प्रदेश की ओर आ रहीं हैं। आसमान साफ होने, सूर्य की किरणे सीधी पड़ने और नमी बेहद कम होने से जमीन तेजी से गर्म हो रही है। इसी वजह से दिन में लू जैसा माहौल और रात में भी गर्मी बनी हुई है।

### नौतपा में और खराब होंगे हालात

विशेषज्ञों का कहना है कि मई के आखिरी दिनों में शुरू होने वाला नौतपा इस बार और ज्यादा असर दिखा सकता है। यानी अगले कुछ दिनों में तापमान और बढ़ने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से जरूरी होने पर ही बाहर निकलने, पर्याप्त पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की अपील की गई है। बच्चों और बुजुर्गों को खास सतर्क रहने को कहा गया है।




## वारदात के पहले कट्टे के साथ धराया बदमाश



**नवभारत,जबलपुर।** कैंट पुलिस ने एक बदमाश को देशी कट्टे व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। टीआई कैंट पुष्पेंद्र पटले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि हेलटगंज सदर में एक युवक वारदात को घटित करने की नीयत से खड़ा है जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम शाहरूख अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी शीतलामाता मंदिर के पास लियो कम्पाउण्ड कैंट सामने आया है जिसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक कारतूस जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये पूछताछ शुरू कर दी है कि वह हथियार कहां से लेकर आया है। विदित हो कि पकड़ा गया आरोपी शाहरूख अंसारी आपराधिक प्रवृति का युवक है जिसके विरूद्ध मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित पूर्व से 4 अपराध पंजीबद्ध हैं।

## भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नवभारत,जबलपुर।** पाटन थानांतर्गत देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और मृतक क शिनाख्ती के प्रयास शुरू किए। पाटन पुलिस ने बताया कि बीती देर रात ग्राम ग्वारी पुलिया के पास पाटन शहपुरा मेन रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति के एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। जिसके पास हीरो होण्डा कम्पनी की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनजी 6812 क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी ।






















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57